भाकियू नेता की पत्नी की मौत पर सीएमएस समेत तीन पर मुकदमा

सांप के डसने के बाद उपचार के दौरान हो गई थी महिला की मौत

जागरण संवाददाता, बागपत : भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव की पत्नी की मौत के मामले में सीएमएस समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि जानबूझकर महिला का गलत इलाज किया गया। समुचित जांच किए बिना दवा की ओवरडोज दी गई। गलत दवा और गलत इलाज किया गया। करीब 10 माह बाद भाकियू नेता की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।

10 माह पहले डाक्टर पर लगाया था लापरवाही का आरोप

सुंदर देवी

शहर के यमुना रोड निवासी भाकियू के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने बताया कि चार नवंबर 2025 को उनकी पत्नी सुंदर देवी को घर पर सांप ने डस लिया था। बागपत सीएचसी पर दिखाया गया, लेकिन वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान सीएमएस डा. अनुराग कुमार वार्ष्णेय, चिकित्सक डा. विक्रांत चौबे और फार्मासिस्ट मोहित त्यागी ने सुंदर का उपचार किया था। इस दौरान महिला की मौत हो गई। भाकियू नेता और कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। बाद में प्रदीप धामा की ओर से सीएमएस, चिकित्सक और फार्मासिस्ट के खिलाफ बागपत कोतवाली में तहरीर दी गई थी। महिला का विसरा प्रिजर्व कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया, जिसकी अभी तक रिपोर्ट नहीं आई। उधर, भाकियू ने इस मामले को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी थी। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में सीएमएस डा. अनुराग कुमार वार्ष्णेय, चिकित्सक डा. विक्रांत चौबे और फार्मासिस्ट मोहित त्यागी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

समिति की जांच रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई: इस मामले में उच्चाधिकारियों के आदेश पर जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति ने पांच जून 2026 और सीएमओ की जांच रिपोर्ट 11 सितंबर 2026 में सीएमएस, चिकित्सक व फार्मासिस्ट को दोषी पाया गया। जांच रिपोर्ट में उनके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई। बताते चलें कि महिला की मौत और हंगामे के चलते चिकित्सक डा. विक्रांत चौबे ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

गन्ना भुगतान, खाद व विद्युत समस्याओं से जूझ रहा किसान: अजय राय

शुक्रवार को शुकतीर्थ से किसान अधिकार यात्रा का शुभारंभ करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ● जागरण

संवाद सूत्र, मोरना, (मुजफ्फरनगर) : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश का किसान गन्ना भुगतान, खाद की उपलब्धता और बिजली की बढ़ी दरों समेत कई समस्याओं से जूझ रहा है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और एमएसपी का लाभ मिलना चाहिए। किसानों के सम्मान और अधिकार के लिए कांग्रेस आवाज उठाती रहेगी।

अजय राय शुक्रवार को शुकतीर्थ स्थित इलाहाबास मुख्य द्वार से उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस की किसान अधिकार यात्रा को रवाना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुकतीर्थ से भगवान का आशीर्वाद लेकर यात्रा शुरू की गई है। यह यात्रा थानाभवन, शामली, छपरौली, बागपत, मेरठ और लोनी होते हुए सात अक्टूबर को जेवर पहुंचेगी। 2027 का चुनाव निश्चित तौर पर हमारा है, कांग्रेस पार्टी का है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने कहा कि किसानों की जमीन की सुरक्षा, उचित सर्किल रेट तथा युवाओं और ग्रामीणों के लिए रोजगार जैसे मुद्दे यात्रा के दौरान उठाए जाएंगे।

बागपत में चारा लेने गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म

संवाद सूत्र, जागरण. दाहा (बागपत) : खेत से चारा लेने गई महिला के साथ एक किशोर समेत दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा है। वहीं, पीड़िता के पति ने आरोपित किशोर समेत दो लोगों को नामजद करते हुए दोघट थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एक गांव निवासी महिला गुरुवार शाम चारा लेने गई थी। बताया कि जब उसने खेत से ज्वार का गट्ठर काट लिया तो उसी समय गांव का 16 वर्षीय किशोर उसे दिखाई दिया, जो उसी की तरफ आ रहा था। किशोर ने जबरन महिला को पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। इस बीच किशोर के एक साथी ने भी महिला के साथ दुष्कर्म किया। बाद में खेत में पहुंचे महिला के पति ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को पकड़ा जाएगा।

अश्लील बातें और गलत कार्य करने का बनाया दबाव, चार महिलाओं पर मुकदमा

संवाद सहयोगी, जागरण, चांदपुर (बिजनौर) : एक महिला पर अलग-अलग पुरुषों से अश्लील बातें और गलत कार्य करने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस मामले में चार महिलाएं शामिल हैं जो उसे बार-बार काल कर परेशान कर रही हैं। पीड़िता को आत्महत्या के लिए भी उकसाया जा रहा है। पुलिस ने आरोपित चारों महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित महिलाओं ने गिरोह बना रखा है।

कस्बे के एक मुहल्ला निवासी युवक की पत्नी ने बताया कि काफी समय पहले उसकी मुलाकात जिला अमरोहा के गांव बीबड़ा निवासी सलोनी से हुई थी। सलोनी ने बातों-बातों में दोस्ती कर ली और दोनों के बीच फोन पर बात होने लगी। इस बीच आरोपित महिला ने उसे पुरुषों से अश्लील बातें करने और गलत कार्य करने के लिए उकसाना शुरू कर दिया। इन्कार करने पर जान से मारने की धमकी देने लगी। जब उसने उसकी काल रिसीव नहीं की तो

आत्महत्या को भी उकसाती हैं आरोपित, अमरोहा की सलोनी ने बना रखा है महिलाओं का गिरोह

अलग-अलग नंबरों से काल करनी शुरू कर दी और उनकी पहचान के पुरुषों से अश्लील बातें करने का दबाव बनाया। आरोप है कि सलोनी ने छवि, अमलेश व कमलेश के साथ गिरोह बना खा है। ये सभी महिलाएं पुरुषों से अश्लील बातें करके उन्हें फंसाती हैं। महिलाओं को भी अपने जाल में फांस कर पुरुषों के साथ गलत कार्य करने का दबाव बनाती हैं। आरोप है कि बातें करते समय सलोनी के अलावा तीनों महिलाओं ने अपने नाम उससे बताए, लेकिन पता नहीं बताया। बार-बार काल करने से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। आरोपित महिलाएं उसे लगातार आत्महत्या के लिए उकसा रही हैं। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि सलोनी समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार किया जाएगा।

फिरौती न देने पर केजीएमयू के नर्सिंग अधीक्षक व साथी की हत्या, पांच गिरफ्तार

जासं, लखनऊ : किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के नर्सिंग अधीक्षक पवन कुमार गर्ग और उनके साथी सचिन विश्वकर्मा के लापता होने की गुत्थी सुलझ गई है। दोनों की हत्या 50 लाख रुपये की फिरौती के लिए की गई थी। प्रापर्टी दिखाने के बहाने पवन को बुलाने वाले मिठाई दुकानदार नितिन मिश्रा ने चार साथियों के साथ मिलकर दोनों को अगवा किया फिर निर्माणाधीन मकान में बंधक बनाकर 50 लाख फिरौती मांगी। गर्ग ने रकम देने से इन्कार किया तो आरोपितों ने रस्सी से दोनों का गला घोंट दिया और सीतापुर में घाघरा नदी में शव फेंक दिए। पुलिस ने भिठौली तिराहे से पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। शवों की तलाश जारी है।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक, आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि नितिन पहले से ही पवन को जानता था। पवन ने उससे जमीन खरीदने के लिए 50-60 लाख रुपये होने की बात कही और अच्छी प्रापर्टी दिखाने को कहा था। नितिन ने प्रकाश सिंह उर्फ पुद्दी, सूरज सिंह, मोहित सिंह और अवनीश कुमार मौर्य के साथ मिलकर अपहरण और फिरौती की साजिश रच डाली। 27 सितंबर की रात नितिन ने पवन को भिठौली क्रासिंग पर बुलाया। पवन अपने दोस्त सचिन के साथ पहुंचे। दोनों को इटौंजा के न्यू फौजी ढाबे ले जाया गया। वहां शराब पीने के दौरान कहासुनी के बाद आरोपित उन्हें अन्नामऊ स्थित निर्माणाधीन मकान में ले गए और बंधक बना लिया। उसकी ब्रेजा कार सीतापुर के कमलापुर गांव में खड़ी कर दी, ताकि जांच को भटकाया जा सके। आरोपितों ने पवन से 50 लाख मांगे, लेकिन पवन ने साफ इन्कार कर दिया। 28 सितंबर दोपहर करीब 12 बजे आरोपितों ने दोनों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर शाम को शव थार में लादे और चलहरी घाट पहुंचकर घाघरा नदी में फेंक दिए।

फेक एआइ वीडियो बनाकर एनआरआइ से मांगे 50 हजार डालर

जासं, गाजियाबाद : कनाडा में रहने वाले कुरुक्षेत्र निवासी एनआरआइ को सेक्सटार्शन के नाम पर ब्लैकमेल कर 50 हजार डालर की मांग की गई। पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह को पर्दाफाश कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित फेसबुक पर महिला का फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से दोस्ती करते थे। इसके बाद मैसेंजर पर बातचीत और वीडियो काल के दौरान रिकार्डिंग कर लेते थे। इस रिकार्डिंग को एआइ की मदद से अश्लील वीडियो में बदलकर पीड़ित को भेजते और उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर मोटी रकम मांगते थे। जांच में 40 घटनाओं में 6.58 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का पता चला है। आरोपितों से 133 बैंक खातों की जानकारी मिली है। नूंह के पुन्हाना निवासी फैसल, मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद अमान, हम्माद और फैजान को गिरफ्तार किया है।

लैंड, लव और थूक जिहाद पर सख्ती से हो रही कार्रवाई: धामी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरनगर : उत्तराखंड की शांति व संस्कृति के खिलाफ काम करने वालों पर राज्य सरकार ने सख्ती से कार्रवाई की है। सनातन संस्कृति के नाम पर पाखंड फैलाने वालों पर आपरेशन कालनेमि के तहत कार्रवाई की। राज्य में अवैध रूप से चलने वाले मदरसों को बंद करने का काम किया गया। मदरसा बोर्ड की जगह उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण बनाया। उत्तराखंड में लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद पर सख्त कानून के तहत कार्रवाई जारी है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित है। ये बातें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी बलिदानियों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। इस अवसर पर उन्होंने सातों

मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा स्थित उत्तराखंड शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ● जागरण

बलिदानियों के प्रतिमा स्थल का शिलान्यास भी किया। उन्होंने स्मारक परिसर में स्थित अतिथि गृह के उच्चीकरण, लाइब्रेरी को ई-लाइब्रेरी में परिवर्तित करने और संग्रहालय के विस्तार की भी घोषणा की। रामपुर तिराहा कांड की 32वीं बरसी पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।

52 वर्ष बाद दो राज्यों की सीमा पर निशानदेही... अब लगेंगे पिलर

यूपी-हरियाणा सीमा विवाद

- सर्वे आफ इंडिया की टीम ने यमुना खादर में की निशानदेही
- 237 पिलर बागपत-सोनीपत-पानीपत सीमा पर लगाए जाएंगे

जागरण संवाददाता, बागपत : 52 वर्ष से सिरदर्द बना उप्र-हरियाणा सीमा विवाद हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। सर्वे आफ इंडिया की टीम ने बाउंड्री पिलर लगवाने को यमुना खादर में निशानदेही कर दी है। एक दो दिन में पिलर लगाने का काम शुरू होगा। इसके लिए मशीन मंगा ली गई हैं और यमुना खादर में मशीन के लिए रास्ता बना लिया गया है। बागपत की सीमा से सोनीपत-पानीपत का कुछ हिस्सा लगता है। इन जिलों की सीमा पर कुल 237 बाउंड्री पिलर लगेंगे।

यूपी-हरियाणा सीमा विवाद खत्म करने को दोनों राज्यों के अधिकारियों में यमुना खादर में सर्वे आफ इंडिया के सर्वे के अनुसार सम-विषम आधार पर बाउंड्री पिलर लगवाने पर सहमति बनी है। हरियाणा की ओर से बाउंड्री पिलर लगा दिए गए थे, लेकिन बजट नहीं मिलने से बागपत प्रशासन पिलर नहीं लगवा पाया था। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल में उप्र शासन ने बागपत के लिए 11.14 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया था। बाउंड्री पिलर लगाने का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को मिला है, लेकिन टेंडर छोड़ने तथा उसके बाद बरसात में यमुना में पानी बढ़ने के कारण बाउंड्री पिलर लगाने का काम शुरू नहीं हो पाया था। अब यमुना में पानी कम हो गया, इसलिए लोनिवि ने दोनों राज्यों की सीमा पर बाउंड्री पिलर लगवाने की तैयारी शुरू कर दी है। सर्वे आफ इंडिया की टीम ने गौरीपुर जवाहरनगर-निवाड़ा गांव में यमुना खादर में पिलर लगाने के लिए निशानदेही की है। वहीं लोक निर्माण के ठेकेदार ने सीमा पर बाउंड्री पिलर लगाने के लिए यमुना खादर तक मशीन ले जाने के लिए रास्ता बनवाया। पिलर लगाने के लिए मशीन आ चुकी है। लोक निर्माण के एक्सईएन अतुल कुमार ने कहा कि बाउंड्री पिलर लगाने की तैयारी पूरी हो गई है। शनिवार से बाउंड्री पिलर लगाने का काम शुरू होने की उम्मीद है। गौरीपुर स्थित यमुना खादर में पुल के पास से पिलर लगाने का काम शुरू होगा। सर्वे आफ इंडिया की टीम ने निशानदेही कर ली है, जिसके आधार पिलर लगेंगे।

दिल्ली एनसीआर-उत्तराखंड

नैनीताल, मसूरी में उमड़े सैलानी, लगा जाम

वीकेंड के चलते देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर जाम में फंसे वाहन ● जागरण

जागरण संवाददाता, देहरादून: वीकेंड पर नैनीताल व मसूरी में बड़ी संख्या में सैलानी उमड़े हैं। दोनों पर्यटन स्थलों पर दिनभर जाम की स्थिति रही। देहरादून में दून-दिल्ली एक्सप्रेसवे से मसूरी तक जगह-जगह वाहनों की कतारें लगी रही। पौड़ी के लैंसडौन में भी पर्यटकों को जाम का सामना करना पड़ा। अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हरिद्वार व ऋषिकेश में भी दिनभर जाम लगे रहने से तीर्थयात्री परेशान रहे। अधिकतर शहरों में यातायात व्यवस्था चरमराती रही। पुलिस को जाम खोलने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में सैलानियों ने देहरादून का रुख किया। एक्सप्रेसवे पर करीब पांच किलोमीटर लंबा हिस्सा वाहनों से पैक रहा। करीब चार घंटे तक जाम रहा। एक एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही। एक्सप्रेसवे बनने के बाद दिल्ली से पर्यटक ढाई घंटे में दून तो पहुंच गए, लेकिन दून से मसूरी पहुंचने में ही उन्हें चार घंटे से अधिक समय लग गया। कुमाऊं में हल्द्वानी से नैनीताल और कैंची तथा जागेश्वर धाम में भी जबरदस्त जाम की स्थिति बनी। रोडवेज बस व टैक्सी से नैनीताल आ रहे पर्यटकों को तो करीब चार-पांच किमी पैदल चलना पड़ा। शुक्रवार को नैनीताल करीब 12 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे। भवाली से कैंची धाम तक पूरे दिन जबरदस्त जाम लगा रहा।

उत्तराखंड में बर्फीले तूफान के आगे रुका अभियान, 16 पर्वतारोही लौटे

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : उत्तराखंड में हिमालय की ऊंची चोटियों पर साहस और अनुभव के साथ मौसम का साथ भी आवश्यक होता है। पिंडारी ग्लेशियर से नंदा देवी ईस्ट बेस कैंप होते हुए पिंडर घाटी को जोहार घाटी से जोड़ने वाले ट्रेल पास को पार करने निकले देवभूमि एडवेंचर के 16 सदस्यीय दल को अभियान बीच में ही रोकना पड़ा। लगभग 52 घंटे तक चले बर्फीले तूफान ने रास्ते ही नहीं, अभियान का लगभग पूरा सामान भी करीब 10 फीट बर्फ के नीचे दबा दिया। हालात को देखते हुए दल ने सुरक्षित वापसी का निर्णय लिया और शुक्रवार को सभी सदस्य वाछम-दऊ-जैकुनी पहुंच गए।

अभियान का नेतृत्व जतोली निवासी पर्वतारोही दिनेश सिंह दानू कर रहे थे। यह उनका सातवां ट्रेल पास अभियान था, जो लगभग 16,500 फीट की ऊंचाई पर था। दल 21 सितंबर को खाती से रवाना हुआ और 24 सितंबर को पूरी टीम एडवांस बेस कैंप में पहुंच गई।

पुलिस से बचने को की-पैड फोन चलाने वाला 10 वर्ष से फरार 'बुड्ढा चोर' गिरफ्तार

गजेंद्र पांडेय ● जागरण

ग्रेटर नोएडा : दस सालों से बंद घरों में चोरी करने वाला 'बुड्ढा चोर' पुलिस से बचने के लिए की-पैड वाला फोन प्रयोग करता था। शुक्रवार को सारमिन उर्फ शंभू तिवारी को पुलिस ने दबोच ही लिया। उसके कब्जे से सोने-चांदी के करीब 11 लाख रुपये के गहने बरामद किए हैं। करीब 11 वर्ष पहले जुए की लत में घर गृहस्थी बर्बाद होने के बाद से उसने चोरी शुरु की थी। उस पर चोरी के आठ मामले दर्ज हैं।

एडीसीपी अभय कुमार मिश्र के मुताबिक 62 वर्षीय आरोपित 11 वर्षों से चोरी की वारदात अंजाम दे रहा था। 2016 से लगातार पुलिस को छका रहा था। वर्ष 2015 से उसने पहली चोरी की थी। जुए में अपना सारा धन हारने के बाद वह बर्बाद हो गया और चोरी शुरू कर दी। पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े, इसलिए सिर्फ कीपैड वाला सामान्य मोबाइल फोन रखता था। हाल ही में उसने तीन घरों से सिर्फ गहने चुराए थे। अन्य सामान छोड़ गया था। चोरी के पैटर्न से पुलिस को विश्वास हो गया कि यह कारनामा चर्चित बुड्ढा चोर का है। टीमों ने 250 सीसीटीवी के फुटेज खंगाल कर उसकी पहचान की। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली की वह एक अस्पताल में भर्ती है। पुलिस जब तक पहुंची,वह दूसरे अस्पताल में शिफ्ट हो गया। फिलहाल रजिस्टर में दर्ज मोबाइल नंबर से आरोपित की लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार का कहना है कि आरोपित शानदार कपड़े पहन कर दिन में बंद घरों की रेकी करता और फिर पार्क आदि में छिप जाता था। इसके बाद रात में दो से ढाई बजे के बीच वारदात को अंजाम देता था।

भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
नागपुर, महाराष्ट्र - 440001 फोन : 0712-2560041 email: merd@ibm.gov.in

T-45/5/2026-TS-IBM_HQ दिनांक : 01/10/2026

भारत में खनिज एक्सचेंज में पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) ऐसी कंपनियों को, जो खनिज बिनिमय नियम, 2026 के नियम 6 के अंतर्गत पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं, के पंजीकरण हेतु सीलबंद आवेदन आमंत्रित करता है।
उक्त नियमों में उद्देश्य, कार्य, पात्रता, शुल्क तथा अन्य विवरण निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा **30 जून 2026** को अधिसूचित किया गया है। आवेदन आमंत्रित करने की सूचना के दस्तावेज (NIA) में खनिज एक्सचेंज के रुप में पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं तथा इसमें बोली अनुसूची, संक्षिप्त उद्देश्य, कार्य का विवरण, पात्रता मानदंड, आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया तथा खनिज एक्सचेंज के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म की स्थापना एवं संचालन हेतु पंजीकरण प्रदान करने की प्रक्रिया आदि का विवरण दिया गया है।
आवेदन पत्र सहित आवेदन आमंत्रित करने के दस्तावेज (NIA) वेबसाइट **www.ibm.gov.in** पर **03 अक्टूबर 2026** से डाउनलोड करने हेतु उपलब्ध होंगे और एनआईए जमा करने की अंतिम तिथि **02 नवंबर 2026 को 15:00 बजे** तक होगी।
आवेदन आमंत्रित करने के दस्तावेज (NIA) में दिए गए आवेदन तथा भारतकोष के माध्यम से देय रु. 3,00,000 (केवल तीन लाख रुपये) के अप्रतिदेय शुल्क की रसीद सहित, सीलबंद लिफाफा, व्यक्तिगत रुप से या पंजीकृत डाक द्वारा सीलबंद कवर में, जिस पर **"खनिज एक्सचेंज के रूप में पंजीकरण हेतु आवेदन"** अंकित हो, इस प्रकार प्रस्तुत की जाए कि यह आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले इस कार्यालय में पहुंच जाए। आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजे :
"खान नियंत्रक, खनिज एक्सचेंज प्रकोष्ठ, एमडीआर प्रभाग दूसरा तल, ए-ब्लॉक, इंदिरा भवन, भारतीय खान ब्यूरो सिविल लाइंस, नागपुर, महाराष्ट्र - 440001"
सही
खान नियंत्रक
खनिज एक्सचेंज प्रकोष्ठ, आईबीएम

आयुष मंत्रालय
भारत सरकार

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय (SEARO), नई दिल्ली में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

WHO के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय (SEARO), नई दिल्ली में तकनीकी अधिकारी के पद के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह पद WHO के पेशेवर वेतनमान में P4 स्तर के समकक्ष है और इसे शुरू में दो साल की अवधि के लिए पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर भरा जाएगा।
आवेदन का प्रारूप तथा जिम्मेदारियों, कर्तव्यों, कार्यात्मक ज्ञान और कौशल, शैक्षिक योग्यताओं और अनुभव आदि का विवरण आयुष मंत्रालय की वेबसाइट **https://www.ayush.gov.in/** पर उपलब्ध है।
निर्धारित प्रारूप में पूर्ण आवेदन, विज्ञापन के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर अवर सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग), आयुष मंत्रालय, कमरा नंबर 113-ए, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। केवल योग्य उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
CBC 17201/11/0012/2627

आइजीआइ के टी-3 पर अब 45 नहीं, 15 मिनट में होगा इमिग्रेशन

आइजीआइ एयरपोर्ट के टी 3 पर नया सिक्योरिटी जोन शुरू

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : त्योहारों और आगामी विंटर ट्रैवल सीजन पर विदेश जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। आइजीआइ एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर नया सिक्योरिटी जोन-5 शुरू हो गया है। इससे इमिग्रेशन और सुरक्षा जांच में लगने वाला समय आधा हो जाएगा। पहले जहां 45 मिनट से एक घंटा लगता था, अब यात्रियों का काम 15 से 20 मिनट में हो जाएगा। आइजीआइ एयरपोर्ट को वैश्विक एविएशन हब बनाने की दिशा में इसे एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस नए जोन के चालू होने से सुरक्षा और इमिग्रेशन क्षमता में वृद्धि हुई है, जिससे यात्रियों को लंबी कतार में लगने से मुक्ति मिलेगी और उनका प्रोसेसिंग टाइम घटकर लगभग आधा रह जाएगा।

अभी आइजीआइ एयरपोर्ट के टी-3 से विदेश जाने वाले प्रस्थान यात्रियों को इमिग्रेशन और सीआइएसएफ की सुरक्षा जांच से गुजरने में औसतन 30 से 45 मिनट का समय लग जाता था। व्यस्त घंटों (पीक आवर्स) में यह समय बढ़कर एक घंटे से भी अधिक हो जाता था। नए सिक्योरिटी जोन-5 के शुरू होने से इमिग्रेशन और सिक्योरिटी चेकिंग का यह समय घटकर मात्र 15 से 20 मिनट रह जाने की उम्मीद है। चूंकि, यह नया जोन विशेष रूप से प्रस्थान क्षेत्र में तैयार किया गया है, इसलिए इसका सीधा लाभ विदेश के लिए उड़ान भरने वाले यात्रियों को मिलेगा। बता दें कि आइजीआइ एयरपोर्ट से हर साल लगभग सात करोड़ से अधिक यात्री आवाजाही करते हैं, जिनमें से प्रतिदिन औसतन 50,000 से 60,000 केवल अंतरराष्ट्रीय यात्री होते हैं।

20 नए इमिग्रेशन डेस्क और आटोमेटेड सिस्टम: यात्रियों की सुविधा और त्वरित जांच के लिए इस नई व्यवस्था में कई आधुनिक तकनीक व संसाधन शामिल किए गए हैं। प्रस्थान क्षेत्र में 20 अतिरिक्त प्रस्थान इमिग्रेशन डेस्क बनाए गए हैं, ताकि कतारों को कम किया जा सके। बायोमीट्रिक आधारित चार आधुनिक ई-गेट्स शुरू किए गए हैं, जहां यात्री बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के कुछ ही सेकंड में इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

SBI भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-II, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग,
11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली-110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in, फोन : 011-43179557, 9610403080
ई-नीलामी बिक्री सूचना

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से उधारकर्ता एवं गारंटर(रों) और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित उधारकर्ता/गारंटर(रों) और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूतदाता, से प्रतिभूत लेनदार भारतीय स्टेट बैंक की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांकों को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

कर्जदार / गारंटर(रों) का नाम पता/पते सहित	नीलामी के अधीन आवृत्त प्रभारित प्रतिभूति का पता	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि	सुरक्षित ऋण जिसकी वसूली के लिए संपत्ति को बेचा जाना है	सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय एवं प्राधिकृत अधिकारी का नाम	बोली आवेदन पत्र, केवाईसी दस्तावेजों, पैन कार्ड, ईएमडी जमा करने का प्रमाण आदि जमा करने की तिथि व समय और धरोहर राशि BAANKNET के माध्यम से	ई-नीलामी की तिथि / समय 10 मिनट प्रत्येक के आसीमित स्वतः विस्तार सहित
एएसपीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता) **पंजीकृत कार्यालय-** एफ 93/ए ग्राउंड फ्लोर, गली नंबर 7, जगतपुरी, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली, भारत - 110051 **प्लांट इकाई का पता:** खसरा नंबर 1300, गांव काशी, गगोल रोड, पराग डेरी के पास, परतापुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश, भारत - 250004 **प्रशासनिक कार्यालय:** बी-1/44 रोहिणी, दिल्ली, दिल्ली, भारत - 110085 **गारंटर:- श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री अंजुल कुमार,** विला नंबर 6, ग्रीनवुड सिटी, गॉडविन होटल के पीछे, बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश - 250002 **एवं अन्य गारंटर**	**"अचल संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश का साम्यिक बंधक जो कि खसरा नंबर 521, प्लॉट नंबर P-134, ग्रीनवुड सिटी, गांव पांचली खुर्द, बागपत रोड, मेरठ में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 200.88 वर्ग मीटर है और यह सम्पत्ती श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री अंजुल कुमार के स्वामित्व में है (पंजीकृत बिक्री विलेख के दस्तावेज संख्या 12850, दिनांक 25.05.2018 के अंतर्गत शामिल)।"** (भौतिक कब्जा के तहत)	₹ 2,21,00,000/- ₹ 22,10,000/- ₹ 1.00 लाख	रू.22,79,44,850.04 (बाईस करोड़ उन्यासी लाख चवालीस हजार आठ सौ पचास रुपये और चार पैसे) 11.09. 2024 तक, साथ ही अनुबंध के अनुसार ब्याज और अन्य सभी विविध खर्च, शुल्क, लागत आदि।	**04.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से अपांह 04.00 बजे तक प्राधिकृत अधिकारी: श्री मनोज कुमार सक्सेना, मोबाइल नंबर 9610403080	https://BAANKNET.com देखें रिजॉल्यूशन एजेंट: श्री मनोज नारंग- 9899348800/ 9899318800	**12.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से अपांह 04.00 बजे तक 10 मिनट प्रत्येक के असीमित स्वतः विस्तार सहित

M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET) द्वारा प्रदान किए गए ई-नीलामी साइट **https://BAANKNET.com** पर बोलीकर्ताओं द्वारा ईएमडी को अपने स्वयं के बटुए(**wallet**) में हस्तांतरित / जमा करना होगा।

नियम व शर्तें:- ई-नीलामी "जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी।
ई-नीलामी **https://BAANKNET.com** लिंक के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, बोलीदाताओं को ई-नीलामी सेवा प्रदाता **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** की सेवा शर्तों का अनुपालन करना होगा।
इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पूर्व **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं। **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।
तथापि इच्छूक बोलीदाता(ओं) को, ऋणभार, नीलामी में रखी गयी सम्पत्ति(यों) के स्वामित्व तथा सम्पत्ति(यों) को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के संबन्ध में अपनी स्वयं स्वतन्त्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कर लेनी चाहिए। इस संदर्भ में ई-नीलामी विज्ञापन, बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता/वचनबद्धता निर्मित नही करता है और न ही कोई वचनवद्धता/प्रतिवद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जायेगा।
सफल बोलीदाता की **धरोहर राशि जमा (ईएमडी)** बिक्री प्राप्ति के भाग के रूप में रोक कर रखी जाएगी तथा असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि, पहले अदा की गई ईएमडी समायोजित करने के बाद प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के बाद अर्थात उसी दिन या अगले कार्य दिवस में जमा करनी होगी** तथा शेष राशि बिक्री के 15वें दिन या उससे पहले जमा करनी होगी। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक की स्थिति में पहले जमा की गई राशि जब्त मान्य होगी और सम्पत्ति की नीलामी नए सिरे से की जाएगी तथा चूककर्ता बोलीदाता का सम्पत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार मान्य नहीं होगा।
प्राधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार किसी तृतीय पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। यह ई-नीलामी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम- 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अनुसार की जायेगी। और आयकर/जीएसटी नियम, जहां भी लागू हों।
ई-नीलामी के अन्य नियम व शर्ते निम्नलिखित वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। **https://BAANKNET.com, https://www.sbi.co.in**

सरफासी ऐक्ट, 2002 के अधीन बिक्री हेतु कानूनी नोटिस

तिथि : 01.10.2026, स्थान : नई दिल्ली हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक